छत्तीसगढ़ महतारी दुलार योजना

कृपया ध्यान दें

दुर्ग जिले में कोरोना आपदा से बेसहारा हुए बच्चों की निःशुल्क शिक्षा के लिए संपर्क करें 93401-93460 पर

-छत्तीसगढ़ महतारी दुलार योजना अंतर्गत मिलेगा लाभ

कोरोना आपदा में आजीविका अर्जित करने वाले माता या पिता को खो चुके बेसहारा बच्चों को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराये जाने की मंशा से मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ महतारी दुलार योजना आंरभ की है। इस योजना के अंतर्गत कोरोना आपदा में अपने माता-पिता को खो चुके अथवा आजीविका अर्जित करने वाले पिता या माता खो चुके बेसहारा बच्चों की निःशुल्क शिक्षा की जिम्मेदारी शासन द्वारा वहन की जाएगी। निजी स्कूलों में पढ़ रहे ऐसे बेसहारा बच्चों की फीस का वहन भी छत्तीसगढ़ सरकार करेगी। इसके लिए जिला शिक्षा कार्यालय, दुर्ग में हेल्प डेस्क भी बनाया गया है।

इसके दुर्ग जिले के प्रभारी अधिकारी का मोबाईल नंबर 93401-93460 है। इन बच्चों को छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। पहली से आठवी तक के छात्रों को 5 सौ रुपये की छात्रवृत्ति तथा नौवीं से बारहवीं के छात्रों को एक हजार रुपये की छात्रवृत्ति दी जाएगी।

जिला प्रशासन दुर्ग